भारत सरकार
इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 1517**
जिसका उत्तर 31 जुलाई, 2024 को दिया जाना है ।
9 श्रावण, 1946 (शक)

**राष्ट्रीय ज्ञान नेटवर्क**

**1517. श्री विवेक ठाकुरः**

क्या **इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार राष्ट्रीय ज्ञान नेटवर्क के घटकों से अवगत है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा इस नेटवर्क से लाभान्वित होने वाली संस्थाओं की संख्या कितनी है?

**उत्तर**

**इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (श्री जितिन प्रसाद)**

(क) और (ख): राष्ट्रीय ज्ञान नेटवर्क ('एनकेएन') राष्ट्रीय/राज्य डेटा केंद्रों (एनडीसी/एसडीसी), राज्य-व्यापी क्षेत्र नेटवर्क (स्वान) के डिजिटल-ट्रैफिक का वहन करता है और विभिन्न डिजिटल इंडिया पहलों के लिए कनेक्टिविटी प्रदान करता है, और विभिन्न जी2जी (सरकार से सरकार) और जी2सी (सरकार से नागरिक) सेवाओं, जिला कनेक्टिविटी आदि के डिजिटल-ट्रैफिक का भी वहन करता है। एनकेएन संसाधनों और सहयोगी अनुसंधान को साझा करने को प्रोत्साहित करने के लिए उच्च गति वाले डेटा संचार नेटवर्क के माध्यम से देशभर के सभी ज्ञान संस्थानों को आपस में जोड़ता है। उच्च शिक्षण और अनुसंधान के संस्थानों को आपस में जोड़ने के लिए एक उच्च गति वाला डेटा संचार नेटवर्क स्थापित किया गया है। अंततः एनकेएन सरकारी नेटवर्क [राष्ट्रीय सरकारी नेटवर्क (एनजीएन)] और अनुसंधान और शिक्षा नेटवर्क (आरईएन) दोनों की जरूरतों को पूरा करता है। जून 2024 तक की स्थिति के अनुसार एनकेएन के तहत संस्थानों के लिए 1,802 लिंक चालू और परिचालित किए जा चुके हैं।

*****